लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या *394
30 मार्च, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

हथकरघा संकुल

*394. श्रीमती गोड्डेति माधवी:
श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगें कि:

(क) पोंदूरु, आंध्र प्रदेश में किसी हथकरघा संकुल की स्थापना किए जाने हेतु धनराशि आवंटन स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार ने पोंदूरु खादी का इस्तेमाल कर बनाए गए उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय पहचान एवं उनके लाभकारी मूल्य हेतु कोई योजना बनाई है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
वस्त्र मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ग): एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

दिनांक 30.03.2022 को लोकसभा के लिए नियत तारांकित प्रश्न संख्या *394 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में स्थित पोंदूरु खादी बुनाई का एक प्रसिद्ध केंद्र है, जो सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के दायरे में आता है। तथापि, राज्य सरकार के प्रस्तावों के आधार पर पोदूरु में हथकरघा क्लस्टर के विकास के लिए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम योजनाओं के साथ समन्वय करते हुए वस्त्र मंत्रालय की योजनाओं के तहत आवश्यकता आधारित योजनाबद्ध उपाय किए जा सकते हैं। वस्त्र मंत्रालय द्वारा श्रीकाकुलम जिले में दो हथकरघा कलस्टरों अर्थात् तिलरू और अक्कुलपेटा को अब तक 75.52 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

पोंदूरु खादी के उपयोग से बनाए गए उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) पोंदूरु खादी के लिए भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग के लिए आवेदन दाखिल करने की प्रक्रिया में है, ताकि अनधिकृत प्रतिकृति को रोका जा सके और साथ ही अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्रदान की जा सके।

ii. केवीआईसी पोंदूरु खादी सहित अपने उत्पादों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सुलभ बनाने, प्रचार के लिए एक लागत प्रभावी माध्यम, जन जागरूकता पैदा करके और खादी उत्पादों के लिए मार्केटिंग के अवसर प्रदान करने एवं उन्हें लोकप्रिय बनाने का कार्य प्रदर्शिनियों के माध्यम से करता है।

iii. केवीआईसी खादी उत्पादों की बिक्री के लिए ऑनलाइन बिक्री प्लेटफॉर्म, ekhadiindia.com और khadiindia.gov.in के माध्यम से मार्केटिंग सहायता भी प्रदान करता है। पोर्टल पर 3,300 से अधिक उत्पादों को ऑनबोर्ड किया गया है। पोर्टल के लिए एक मोबाइल ऐप बनाया गया है और केवीआईसी उत्पादों को ग्राहकों के घर तक पहुंचाया जाता है।

*****